प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 24.09.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्यपाल ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सफल विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्रियां, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार को मानद उपाधि।
- मुख्यमंत्री पर आरोप गठन के लिए तीस सितम्बर निर्धारित, बड़गाई अंचल की करीब नौ एकड़ जमीन से जुड़े मामले में पीएमएलए की अदालत में सुनवाई।
- पलामू के सांसद वी0 डी0 राम ने मेदिनीनगर में आधार सेवा केन्द्र का किया उदघाटन, लोगों को केन्द्र से मिलेगी सभी सुविधायें।
- प्रदेश प्रभारी के बाद भाजपा ने पवन साय को बनाया झारखंड प्रदेश का संगठन महामंत्री, कर्मवीर सिंह को छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी।
- हजारीबाग और कोडरमा समेत चार जिलों में कल भारी बारिश का पूर्वानुमान, आंधी व वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी।

****************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने आज डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छह हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। इस मौके पर प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार राकेश मोहन को मानद उपाधि दी गयी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की है।

****************

बड़गाई अंचल की करीब नौ एकड़ की कथित जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़े मामले में आज पीएमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वर्चुअल माध्यम से उपस्थित होकर अदालत से दस्तावेज देखने के लिए समय देने का आग्रह किया। अदालत ने मुख्यमंत्री के आग्रह पर आरोप गठन के लिए तीस सितम्बर की तिथि निर्धारित की है।

****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के पुलिस थानों में सीसीटीवी नहीं लगाये जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के पूर्व उन्हें शो कॉज नोटिस जारी किया है।

****************

राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को 22 सितंबर तक नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म छह के माध्यम से 5 लाख 93 हजार 855 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें 23 सितंबर को एक दिन में छह हजार 537 आवेदन मिले हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म सात के माध्यम से 9 हजार 721 आपत्तियां और सुधार के लिए फॉर्म आठ के माध्यम से 3 लाख 95 हजार 100 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एसआईआर के तहत दावा और आपत्ति भेजने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

****************

पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने आज मेदिनीनगर में नवनिर्मित आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि जल्द ही गढ़वा में भी आधार सेवा केन्द्र की शुरूआत होगी, इसकी मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा कि जिले लोगों को अब आधार संबंधी सभी कार्यों के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

****************

वित्त मंत्रालय ने आगामी 28 से 30 सितंबर तक बैंक कर्मियों की प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को देखते हुए रविवार को बैंक खोलने का निर्देश दिया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार 27 सितम्बर को खुले रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने

सभी बैंक शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम से जुड़ी शाखाओं और करेंसी चेस्ट को रविवार को पूरी तरह चालू रखने की मंजूरी दी है।

****************

राज्य मंत्रिपरिषद की कल होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सेवा में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा जन सेवा से देश सेवा के मंत्र और निरंतर समर्पण से जुड़ी रही है। इसी सेवा और सुशासन की सोच के साथ सरकार 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार काम कर रही है। समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तीकरण के जरिए यह प्रतिबद्धता लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है। विशेष श्रृंखला में आज बात करेंगे। वन डिस्ट्रिक्ट–वन प्रोडक्ट यानी ओडीओपी योजना की। आइए सुनते हैं इस योजना पर देश के प्रधानमंत्री का क्या विजन है।

प्रधानमंत्री के इसी विजन का असर सरायकेला–खरसावां जिले में साफ दिख रहा है। यहां के छऊ मुखौटा कलाकारों ने हूनर और पारंपरिक कला की अनूठी मिसाल पेश की है। आइए सुनते हैं सरायकेला–खरसावां के दो कलाकारों के अनुभव।

****************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कई राज्यों में नए प्रदेश संगठन महामंत्रियों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी द्वारा आज जारी विज्ञप्ति में पवन साय को झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री बनाया गया है, जबकि निर्वतमान प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं झारखंड में पहले काम कर चुके सौदान सिंह को बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल का राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री बनाया गया है।

****************

पूर्वी सिंहभूम जिले के गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित केनरा बैंक में आज दिनदहाड़े करीब छह की संख्या में आये हथियारबंद अपरधियों ने बयालीस लाख रूपये से अधिक की लूट की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शुभम खंडेलवाल ने बताया कि इस दौरान अपराधियों ने लाखों रूपये मूल्य के जेवरात भी लूट लिये। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

****************

कोडरमा जंक्शन से हजारीबाग टाउन होते हुए बरकाकाना जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के एक बोगी में आज अचानक आग लग जाने से अफरा–तफ़री मच गई। हालांकि अग्शिमन दस्ते की सहायता से आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया है।

****************

राज्य के कई इलाकों 28 सितंबर तक गरज के साथ बारीश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने पूर्वानुमान में बताया है कि आज रामगढ़ समेत नौ जिलों में भारी बारिश हो सकती है, जबकि कल हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह और देवघर में कहीं–कहीं पर भारी बारिश के आसार हैं। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात की भी संभावना है, जिसे लेकर येलो एलर्ट जारी किया गया है।

******समाप्त*******